फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 250 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल 06 मार्च 2025 गुरुवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




Page-7

### सीएम ने 16वें वित्त आयोग से की चर्चा, इसके बाद पुलिस अफसरों का परफॉर्मेंस कसौटी पर

## मिशन वित्त से व्यवस्था तक: योजनाओं के आकार पर मंथन, कानून व्यवस्था की नब्ज टटोलने की तैयारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो



सोलहवें वित्त आयोग से मप्र सरकार की कई उम्मीदें बंध गई हैं। कल रात अपने निवास पर आयोग का स्वागत करने के बाद आज मुख्यमंत्री मोहन यादव आज अपने अधिकारियों संग आयोग के साथ बैठक कर रहे हैं। इससे राज्य को भविष्य में मिलने वाले वित्तीय संसाधनों की रूपरेखा तय हो सकती है। इसके बाद सबसे खास बैठक आज शाम कानून व्यवस्था संबंधी है। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री आज पुलिस के मैदानी व मुख्यालय अफसरों के साथ लंबी बैठक करने वाले हैं। इसकी मंत्रालय व पीएचक्यू में कल दिनभर तैयारी की गई है। इस बैठक के बाद पुलिस के मैदानी व मुख्यालय की जमावट में फेरबदल का नया खाका भी तैयार हो सकता है। राज्य में हाल के दिनों में हुई कुछ घटनाओं के अलावा कुछ स्थानों पर पुलिस को मिली सफलता को लेकर इस बैठक में चर्चा होगी। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री यादव अपने दौरों के दौरान मिले फीडबैक के आधार पर भी अफसरों से बात करेंगे।

उधर वित्त आयोग से जनजातीय आबादी को ज्यादा सुविधाएं देने की आस बंध चुकी है। नगरीय निकायों ने वित्त आयोग के अध्यक्ष के साथ लंबी चर्चा में उनके लिए अतिरिक्त बजट मांगा। आयोग अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया लगातार बैठकें कर रहे हैं। इसी क्रम में नगरीय निकाय प्रतिनिधियों, कैग अफसरों राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए। आयोग की अनुशंसा 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक पांच साल के लिए होगी। मोहन यादव आज वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे और संयुक्त सचिव केके मिश्रा के साथ चर्चा में राज्य के हित में योजनाओं के आकार में इजाफे समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर रहे हैं। करीब दो महीने से आयोग के इस दौरे को लेकर मप्र सरकार तैयारी में जुटी थी। आयोग अब तक मप्र में प्रवास के दौरान कैग अधिकारियों के साथ पहली बैठक कर चुका है। राजनीतिक दलों के साथ भी बैठक हुई है। आज ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में बैठक में मुख्यमंत्री यादव, उप मुख्यमंत्री एवं राज्य के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा सहित विभिन्न विभागों के मंत्री, आला अफसर शामिल हैं। आज बैठक के बाद आयोग 7 मार्च को आयोग इंदौर जाएगा। यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ओंकारेश्वर और फिर उज्जैन भी आयोग के सदस्य जाएंगे। 8 मार्च को आयोग इंदौर होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगा। पांच वर्ष के लिए होगी आयोग की अनुशंसा वित्त आयोग के दौरे का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण, अनुदान सहायता (ग्रांट्स-इन-ऐड) के निर्धारण और राज्यों के बीच संसाधनों के उचित आवंटन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करना है। वित्त आयोग की अनुशंसा एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक पांच वर्ष के लिए होगी।

### अफसरों की गिरफ्तारी रेलवे की भर्तियां रद्द

**नईदिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने ग्रुप 'सी' पदों पर उन सभी लंबित विभागीय भर्तियों को रद्द कर दिया है, जिन्हें चार मार्च तक अंतिम रूप नहीं दिया गया और अप्रूव्ड भी नहीं किया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला रेलवे मंत्रालय का एक अहम कदम है। बोर्ड ने रेलवे जोनों के सामान्य प्रबंधकों को एक सर्कुलर जारी किया, जिसमें कहा गया, हाल के समय में विभागीय चयन में कई गड़बड़ियां पाई गई हैं, जिस कारण विभागीय चयन ढांचे की पुनरावलोकन किया जाएगा। यह निर्णय सीबीआई द्वारा उत्तर प्रदेश के मुगल सराय में 26 रेलवे अधिकारियों की गिरफ्तारी और एक विभागीय परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करने के आरोप में की गई छापेमारी के बाद आए हैं, जिसमें 1.17 करोड़ रुपये की नकदी भी जब्त की गई।

### बाजार में सेंसेक्स निफ्टी ने किया संघर्ष

**मुंबई।** शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती कारोबार में उठा-पटक के बाद दोपहर तक हरे निशान पर लौट आए। सेंसेक्स 71.90 अंकों की बढ़त के साथ 73,817.34 के स्तर पर जबकि निफ्टी 32.46 अंकों की मजबूती के साथ 22,369.75 के स्तर पर कारोबार करने लगा। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को भी तेजी के साथ शुरुआत हुई। मगर जैसे-जैसे कारोबार आगे बढ़ा, सेंसेक्स-निफ्टी लाल निशान पर आए। ऐसे ही शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया भी लुढ़क गया।


### मोदी ने किया गंगापूजन, कहा- अब उत्तराखंड में बारह महीने 'ऑन सीजन'

हर्षिल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तराखंड के गंगोत्री के मुखवा में मां गंगा की पूजा की और हर्षिल में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ,उत्तराखंड की देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है। कुछ महीने पहले मुझे यह अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। इसीलिए मैं उनके मायके मुखवा गांव आया। मोदी ने कहा उत्तराखंड की प्रगति के लिए यहां नए रास्ते खुल रहे हैं। शीतकालीन पर्यटन इसी दिशा में एक और बड़ा महत्वपूर्ण कदम है इससे आर्थिक संभावनाओं को साकार करने में मदद मिलेगी, अब हर सीजन में ऑन सीजन रहेगा।

### सोने के साथ पकड़ी हीरोइन के फ्लैट से करोड़ों की ज्वेलरी व नकदी मिली

बेंगलुरु, एजेंसी



कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव की 14.2 किलो सोने के साथ बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तारीके बाद गोल्ड स्मगलिंग का केस दर्ज हो गया है, अब रान्या के लावेल रोड स्थित आलीशान अपार्टमेंट की तलाशी में 2.1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और 2.7 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डीजीपी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। जब वे एयरपोर्ट पर पकडी गई थीं तो वे बेल्ट में सोना छिपाकर लाई थीं। उनके पिता ने कहा है कि उनका रान्या से कोई वास्ता नहीं है और मेरे करियर पर कोई काला धब्बा नहीं है। जब मीडिया के जरिए यह बात मुझे पता चली तो मैं हैरान हो गया। रान्या हमारे साथ नहीं रह रही हैं। वे अपने पति के साथ अलग रह रही हैं।

### राहुल पर 200 रुपए का जुर्माना, 14 को कोर्ट तलब

**लखनऊ.** उप्र में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दो सौ रुपए का जुर्माना लगाते हुए 14 अप्रैल को पेश होने को कहा है। राहुल पर दिसंबर 22 में महाराष्ट्र के अकोला में सावरकर के खिलाफ विवादित बयान देने का आरोप है। इस पर गत वर्ष लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट में शिकायत दर्ज हुई थी। राहुल पेशी पर आ नहीं रहे थे, जिसके बाद कोर्ट ने जुर्माना लगाया। शिकायत में कहा गया है कि राहुल ने सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' और 'पेंशन लेने वाला' कहा था। अदालत ने कहा है कि अगर राहुल अगली सुनवाई में भी गैरमौजूद रहते हैं तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जा सकता है।

## जयशंकर की गाड़ी रोकी खालिस्तानियों ने तिरंगा फाड़ा

### कूटनीतिक स्तर पर कदम उठाने की मांग

लंदन, एजेंसी



विदेश मंत्री एस जयशंकर की गाड़ी को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने घेर लिया। उनमें से एक ने गाड़ी के सामने आकर तिरंगा भी फाड़ा। विदेश मंत्री इस समय लंदन में हैं। यहां उन्होंने यहां चैथम हाउस थिंक टैंक के एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के खत्म होने के बाद जैसे ही वे अपनी कार की तरफ बढ़े। वहां पहले से विरोध कर रहे खालिस्तान समर्थकों ने उन्हें देखकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद एक शख्स तिरंगा लेकर उनकी कार के आगे खड़ा हो गया और रास्ता रोक लिया। इस दौरान उसने भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ने जैसी शर्मनाक हरकत की। खालिस्तान समर्थक की तिरंगा फाड़ने की हरकत देखते ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ा और दूर ले गए। वहीं, दूसरी तरफ कुछ लोग हाथों में खालिस्तान का झंडा लेकर नारेबाजी करते रहे। घटना से भारतीय समुदाय में आक्रोश है और विरोध जताया है, यह लोग ब्रिटिश सरकार से मांग कर रहे हैं कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। भारत सरकार से भी इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर उठाने की उम्मीद है। दरअसल, खालिस्तान समर्थक पहले भी भारत विरोधी गतिविधियां करते रहे हैं। ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में भारतीय दूतावासों के बाहर ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। जयशंकर ने थिंक टैंक के कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर मिलते ही यह मुद्दा खत्म हो जाएगा।

## इंग्लैंड में भी अवैध प्रवासी भारतीय रडार पर आए

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका की सख्ती के बाद अब यूके से भी निर्वासन की तैयारी चल रही है। यूके की लेबर सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू किया है। यह अभियान विशेष रूप से भारतीय रेस्तरां, नेल बार, करियाना स्टोर और कार वॉश जैसे छोटे व्यवसायों पर केंद्रित है। हाल ही में 828 स्थानों पर छापा मारा गया। इसमें 609 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में सबसे ज्यादा पंजाबी हैं, जो स्टडी या टूरिस्ट वीजा पर यूके गए थे। ये वीजा की अवधि खत्म होने पर अवैध रूप से यूके में रह रहे थे। हाल में उत्तरी इंग्लैंड के हंबरसाइड में एक भारतीय रेस्तरां में छापे में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से चार को हिरासत में ले लिया। लेबर सरकार के सत्ता में आने के बाद से लगभग 19,000 विदेशी अपराधियों और अवैध प्रवासियों को देश से निकाला जा चुका है। इनमें भी सबसे अधिक पंजाबी हैं। इस सख्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप अवैध प्रवासियों को रोजगार देने वाले नियोक्ताओं पर भी भारी जुर्माना लगाया जा रहा है। एक अवैध कर्मचारी रखने पर मालिक को 60,000 पाउंड (60 लाख रुपये) तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है।

### ट्रंप की समझ पर सवाल उठाने वाले हाइकमिश्नर को हटाया

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में न्यूजीलैंड के राजदूत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक समझ पर सवाल उठाने पर अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप पर की गई टिप्पणियों के बाद न्यूजीलैंड सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया। चैथम हाउस पैनल डिस्कशन के दौरान ब्रिटेन में न्यूजीलैंड के हाई कमिश्नर फिल गॉफ ने फिनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनन से सवाल किया और दूसरे वर्ल्ड वॉर के दौरान ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के 1938 के एक भाषण का जिक्र कर ट्रंप पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि ट्रंप ने चर्चिल की प्रतिमा को ओवल ऑफिस में दोबारा लगाया दिया है, क्या आपको लगता है कि उन्हें वास्तव में इतिहास की समझ है? इस पर मचे बवाल के बाद गॉफ को पद से हटा दिया गया।

**मेट्रो एंकर** | 4000 करोड़ खर्च कर 12 किमी का रोप-वे प्रोजेक्ट शुरू होगा


## अब केदारनाथ का सफर 9 घंटे नहीं, सिर्फ 36 मिनट में तय होगा!

देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड में हेमकुंड साहिब और केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा में अब मौसम और ट्रेकिंग जैसी दुश्वारियां खत्म होने वाली हैं। यह सफर अब बेहद आसान भी हो सकता है,बशर्ते जल्द से जल्द योजना के मुताबिक काम हो। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केदारनाथ रोपवे और हेमकुंड साहिब रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इससे 12.9 किलोमीटर तक फैले केदारनाथ रोपवे का निर्माण लगभग 4,081 करोड़ रुपए में होगा। जबकि हेमकुंड साहिब के 12.4 किमी के रोपवे प्रोजेक्ट पर करीब 2730 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह गोविंदघाट से शुरू होगा, जबकि केदारनाथ के लिए रोपवे सोनप्रयाग से शुरू होगा। वर्तमान में सोनप्रयाग से केदारनाथ की दूरी करीब 21 किलोमीटर की है। इसे पूरा करने में श्रद्धालुओं को 8 से 9 घंटे लग जाते हैं। रोपवे से यह लगभग 36 मिनट में पूरी होगी। केदारनाथ और हेमकुंड साहिब तक पहुंचने का मार्ग बिल्कुल भी आसान नहीं है। क्योंकि इसमें कई किलोमीटर की ट्रैकिंग शामिल है, इसलिए बुजुर्गों को काफी मुश्किल होती है। केदारनाथ 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 11,968 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर साल में अप्रैल-मई से अक्टूबर-नवंबर के बीच लगभग छह से सात महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और सीजन के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं। जबकि हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में 15हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह गुरुद्वारा साल में केवल मई और सितंबर के बीच लगभग पांच महीने के लिए खुलता है। बताया जाता है कि हर साल लगभग 1.5 से 2 लाख यात्री यहां आते हैं। इसके रास्ते में 21 किमी की चढ़ाई है। वहीं केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा अभी पैदल या टट्टू, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा की जाती है। खास बात यह कि रोपवे के प्रोजेक्ट से हेमकुंड साहिब आने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले टूरिस्ट्स को काफी सुविधा मिलेगी। टूरिस्ट्स आराम से 'फूलों की घाटी' घूम सकेंगे।



## एकांत पार्क का हाल



राजधानी में लिंक रोड 3 पर एकांत पार्क में आज सुबह जब मॉर्निंग वॉक के लिए लोग पहुंचे तो यहां का मंजर देखकर चौंक गए। दरअसल, पार्क के बड़े हिस्से को आग से जला पाया गया। यहां की पगडंडियों और झाड़ियों पर इसके निशान साफ नजर आए। हालांकि पार्क की देखरेख करने वाले इसका सही जवाब नहीं दे पाए। इस पार्क में कई प्रजाति के पेड़ पौधे हैं,लिहाजा यहां आने वाले लोग और पर्यावरण प्रेमी चिंतित भी हैं।

# तीन रोप-वे बनेंगे, पीपीपी मोड पर एक्सप्रेस-वे भी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आने वाले दिनों में राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था देश में सबसे बेहतर होगी। मेट्रो के बाद भोपाल के लोग रोप-वे यानी स्काईबस-कार से एक जगह से दूसरी जगह बिना रुके, उलझे जा सकेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शहर को ये सौगात मिली है। प्रदेश के 15 शहरों में प्रस्तावित रोप में से भोपाल में तीन रोप-वे बननी हैं। संबंधित अफसरों का कहना है कि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से न्यू मार्केट, बड़ा तालाब पर पॉलिटेक्निक रोड से खानूगांव व आगे लालघाटी तक इसका विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही एमपी नगर व पुराना रेलवे स्टेशन को भी रोप-वे से काली मंदिर तक जोड़ा जाएगा।

1000 करोड़ एजुकेशन इंफ्रा पर शिक्षाक्षेत्र के दो संस्थानों ने भोपाल में करीब एक हजार करोड़ रुपए के निवेश की बात कही है। यानि आगामी दिनों में शहर में नए शैक्षणिक संस्थान बनते नजर आएंगे। यहां काम के अनुसार कुशल लोगों को तैयार किया जाएगा। फ्रेंड्स ऑफ इंडिया से जुड़े लंदन से आए निवेशक आबिद फारूखी 45 मित्रों के साथ भोपाल में 125 करोड़ रुपए का आइटी निवेश करेंगे। यहां आइटी डिलिवरी सेंटर खोलेंगे।

भोपाल व प्रदेश के नए प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स हेम मॉडल यानि हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर होंगे। इसमें लागत का 40 फीसदी सरकार देगी, बाकी निजी डेवलपर को लगाना होगा। निजी निवेशक टोल व अन्य माध्यम से राशि किस्त में वसूल करेंगे। निजी निवेशक को इसमें 15 से 20 साल तक किस्तों में भुगतान किया जाएगा।



## एक रिंग रोड समेत दो ग्रीन फिल्ड, एक्सप्रेस-वे का काम अगले साल शुरू होगा

- भोपाल–इंदौर का ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस वे 160 किमी लंबाई में होगा, ये दूरी को 40 किमी घटाएगा।
- विंध्य एक्सप्रेस वे 676 किमी लंबाई में भोपाल को सिंगरौली से जोड़ देगा।
- नर्मदा प्रगति पथ में भोपाल जुड़ेगा। 906 किमी लंबे प्रगति पथ में भोपाल रीवा, हरदा, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन और आगे तक रहेगा।
- भोपाल लखनऊ इकोनॉमिक कॉरीडोर भोपाल को सीधे कानपुर, वाराणसी, लखनऊ से जोड़ेगा। उप्र में खनन, पर्यटन और मॉल परिवहन को बढ़ाएगा।
- जबलपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे 255 किमी लंबाई में प्रस्तावित है। अगले साल इसका काम शुरू होगा।

# शहर में हाई बीम लाइट्स से हुए 1470 सड़क हादसे

## गलत हेडलाइट का प्रयोग बना जानलेवा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

हर चार पहिया वाहन के हेडलाइट में दो सेटअप होते हैं, जिसमें पहला लो बीम और दूसरा हाई बीम होता है। ये दूर और पास रोशनी सेट करने का एक तरीका है, लेकिन जागरुकता की कमी से सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। यही वजह है कि हाईबीम से हादसे बढ़े हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार शहर में 2024 में हाईबीम हेडलाइट्स के प्रयोग के कारण 1470 सड़क हादसे हुए हैं। रिपोर्ट में बताया कि ज्यादातर हादसे यात्री वाहनों से हुए हैं। जबकि ट्रैफिक नियम के अनुसार वाहनों पर मॉडिफाइड हाईबीम लाइट्स लगाना अपराध है। यदि कोई लगाता है, तो उस पर 500 रुपए का जुर्माना है। इस ओर जिम्मेदारों को भी ध्यान देना होगा, ताकि ऐसे हादसों में कमी लाई जा सके।



### हाईबीम और लो बीम लाइट में अंतर

हाईबीम लाइट से दूर तक रोशनी फैलती है। इससे रात के समय दूर तक सब कुछ आसानी से दिखता है। ड्राइविंग करते समय कोई वाहन सामने से आ रहा है, तो लो बीम पर गाड़ी चलानी होती है। ऐसा नहीं करने पर सामने से वाले वाहन के ड्राइवर की विजिबिलिटी पर बुरा असर पड़ता है, इससे हादसा होने की पूरी संभावना रहती है। आंखों में तेज लाइट पड़ने से फोटोरिसेप्टर लेयर प्रभावित होती है। इसमें रॉड्स और कोंस होते हैं, जो हाईबीम लाइट से सही से काम नहीं करते हैं। 90 के दशक में बसों, ट्रकों और कार की हेडलाइट पर काला रंग लगाया जाता था, इससे रात के समय सड़क पर सामने से आ रहे वाहन के ड्राइवर की आंखों पर कम रोशनी पड़ती थी।

# रेल मंडल और एनडीआरएफ का दुर्घटना राहत मॉक ड्रिल 7 को

**भोपाल.** रेल मंडल और एनडीआरएफ के संयुक्त सहयोग से आपदा एवं बचाव राहत कार्यों की फुल-स्केल एक्सरसाइज 7 मार्च को सुबह होगी। यह विदिशा के पास सोराई रेलवे स्टेशन पर की जाएगी। इस अवसर पर एक वृहद मॉक ड्रिल अभ्यास आयोजित किया जाएगा, जिसमें रेलवे और हृछ्रऋ की टीमें आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों का सजीव प्रदर्शन करेंगी। इस अभ्यास के दौरान ट्रेन दुर्घटना का वास्तविक परिदृश्य तैयार किया जाएगा, जिसमें संयुक्त टीमें फंसे यात्रियों के बचाव, मेडिकल सहायता, आगजनी नियंत्रण, प्रशासनिक समन्वय और ड्रोन निगरानी का अभ्यास करेंगी।

# अवैध कॉलोनी की जांच के लिए दल हुआ गठित

**भोपाल.** जिले में अवैध कॉलोनियों की जांच के लिए एसडीएम स्तर से नजूल क्षेत्रवार दल गठित किए जा रहे हैं। इसमें नायब तहसीलदार के नेतृत्व में आरआइ को जांच का जिम्मा दिया गया है। ये जांच कर, दस्तावेजों की पड़ताल के बाद एसडीएम को जांच प्रतिवेदन देंगे, जिसके बाद आगामी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैरसिया में पहला दल नायब तहसीलदार प्रेमनारायण गोस्वामी के नेतृत्व में गठित किया गया है।

# रेलवे मेंटनेंस के चलते ट्रेनों के रूट डायवर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में कटंगी खुर्द में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 8 मार्च से 11 मार्च तक ट्रेन परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ यात्री ट्रेनों को अस्थायी रूप से निरस्त किया गया है। कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है।

**मार्ग परिवर्तित ट्रेनें :** 18009 संत्रागाछी - अजमेर एक्सप्रेस सात मार्च को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 03397 धनबाद - नासिक एक्सप्रेस सात मार्च को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 19414 कोलकाता - अहमदाबाद एक्सप्रेस आठ मार्च को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 03998 नासिक - धनबाद एक्सप्रेस 9 मार्च को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 19608 मदार जंक्शन - कोलकाता एक्सप्रेस 10 मार्च को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 13025 10 मार्च को परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

# श्री कृष्ण की लीलाओं और वात्सल्य प्रेम का श्रवण कर रहे श्रद्धालु

## 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा शुरू

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के ओल्ड डेयरी फार्म ग्राउंड पर बुधवार से सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, 11 मार्च तक चलने वाली कथा का आयोजन राधे-राधे बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। व्यास पीठ से कान्हा कौशिक, वृंदावन श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराएंगे।

कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा की शुरूआत ओल्ड डेयरी फार्म ग्राउंड से हुई। बस स्टैंड, चंचल चौराहे, मिनी मार्केट होते कथा स्थल पर यात्रा का समापन हुआ। कथा में पीले वस्त्र धारण किए हुए महिलाएं सिर पर कलश रखें चल रही थीं। व्यास पीठ से कान्हा कौशिकजी ने कहा कि सत्संग के श्रवण का अवसर सौभाग्यशालियों को मिलता है। कथा श्रवण मात्र से मानव जीवन का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं और उनके वात्सल्य प्रेम सुनने को मिलेगा। साथ ही, समाज में फैली बुराइयों को दूर करने और अच्छे कर्मों के लिए प्रेरित होंगे। कथा स्थल पर भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। कथा में कथा संरक्षक राम बंसल, आयोजक राजकुमार अग्रवाल, अजय चक्रवर्ती, धीरज विश्वकर्मा, जगदीश नागर, राजू वर्मा, हरीश असरी, गणेश राजपूत, एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



**मेट्रो एंकर**

## संत कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

# पेटेंट्स अब बौद्धिक संपदा का एक महत्वपूर्ण घटक

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के रिसर्च सेल ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से पेटेंट्स का मार्ग सफल फाइलिंग के लिए आवश्यक कदम, विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. विनीता मोहिंद्रा, समन्वयक, बौद्धिक संपदा अधिकारप्रकोष्ठ, मैनिट, भोपाल, और डॉ. सविता दीक्षित, प्रोफेसर, रसायन विभाग, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल उपस्थित रहीं।

पहले चरण में, डॉ. विनीता मोहिंद्रा ने पेटेंट्स को बौद्धिक संपदा का एक महत्वपूर्ण घटक बताते हुए कहा कि बौद्धिक संपदा एक विचार को स्वामित्व में बदलने की प्रक्रिया है। उन्होंने पेटेंट की वैधता, लाभ, प्रकार, और आवेदन की चरणबद्ध प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे संकाय सदस्यों का ज्ञान समृद्ध हुआ। इसके बाद, डॉ. सविता दीक्षित ने ग्रीन टेक्नोलॉजी और नवाचार पर चर्चा की। उन्होंने इको-फ्रेंडली सामग्रियों जैसे पीईटी (क्ष्क्षञ्ज), माइक्रोप्लास्टिक के कारण मृदा प्रदूषण, और तुलसी, बंगाल अशोक व पीपल जैसे औषधीय पौधों की स्थायी समाधानों में भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य, डॉ. डालिमा परवानी ने शैक्षणिक और शोध क्षेत्रों में बौद्धिक संपदा के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला के समानांतर, कॉलेज की छात्राओं बजट-उपरांत वेबिनार में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत की परिकल्पना पर बल दिया, जिसमें आर्थिक विकास, नवाचार, क्षमता निर्माण और प्रतिभा संवर्धन को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने भारत के भविष्य के निर्माण में बड़े निवेश की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।



# 3 माह तक पराली जलाने पर रोक, पकड़े गए तो होगा जुर्माना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पराली में आग लगाई जाने पर अगले तीन माह तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भोपाल सिद्धार्थ जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए इसके आदेश जारी किए। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और पुलिस थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे। आमजन तक इसकी सूचना के लिए सभी कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर इस सूचना को चस्पा करने का कहा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# स्कूलों में बच्चों को शारीरिक दंड दिया तो होगी कार्रवाई

## शासन ने लगाया शारीरिक दंड देने पर पूर्ण प्रतिबंध, जारी किए सख्त दिशा-निर्देश




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को अगर किसी प्रकार का शारीरिक दंड दिया गया तो स्कूल एवं शिक्षक पर कार्रवाई होगी। स्कूलों में छात्रों को शारीरिक दंड देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में बाल आयोग द्वारा शासन को भेजे गए पत्र का भी हवाला दिया गया है।

### दोषी शिक्षकों और विद्यालयों पर होगी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई

प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा है कि सभी शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही, दोषी शिक्षकों और विद्यालयों पर सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### यह है प्रावधान

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 की धारा 17(1) के अंतर्गत छात्रों पर शारीरिक या मानसिक प्रताड़ना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। धारा 17(2) के अनुसार, ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323 के तहत भी शारीरिक दंड प्रतिबंधित है और यह एक दंडनीय अपराध है।

### डीईओ स्तर पर की जाएगी निगरानी

जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाओं की निगरानी करें और यदि किसी विद्यालय में छात्र को शारीरिक दंड देने का मामला सामने आता है तो तत्काल कार्रवाई करें। आदेश में यह भी कहा गया है कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं और छात्रों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव को पूरी तरह रोका जाए।

# सीएम की नसीहत... सरकार को परेशानी में डालने वाले सवालों से बचें विधायक



विधायकों के संग की वर्चुअल बात

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र विधानसभा के बजट सत्र के पहले सीएम डॉ मोहन यादव ने भाजपा विधायकों के साथ वर्चुअल मीटिंग में कहा है कि हर विधायक को सरकार के कामकाज की पूरी जानकारी व तर्क के साथ उपस्थित रहना चाहिये। इस दौरान सीएम के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी विधायकों को मार्गदर्शन दिया। वर्चुअल मीटिंग में सीएम ने विधायकों से कहा- सत्र में पूरी तैयारी करके शामिल हों। जो भी प्रश्न लगाएं उससे जुड़े तथ्य और पूरी तैयारी के साथ सदन में अपनी बात मर्यादित तरीके से रखें। विधानसभा की नियमावली का अध्ययन जरूर करें। सदन में उपस्थिति का विशेष ध्यान रखें।

### वर्चुअल मीटिंग में कई विधायक शामिल नहीं हो पाए

जब तक सत्र चलता है अधिकांश समय सदन में उपस्थित रहने का प्रयास करें। फ्लोर पर सभी साथी मजबूती से अपना पक्ष रखें। हालांकि सीएम की वर्चुअल मीटिंग में कई विधायक शामिल नहीं हो पाए। बताया जाता है कि सीएम ने विधयकों से कहा कि ऐसे प्रश्न लगाने से बचें जिनकी वजह से सरकार और अपनों को ही परेशानी पैदा हो। अपनी पार्टी को परेशानी में डालने वाले प्रश्नों से बचना चाहिए। पिछले एक साल में सरकार ने जो बड़े और कड़े निर्णय लिए हैं, उनको सदन में मजबूती से रखें। नदी जोड़ो परियोजना और सरकार के महत्वपूर्ण कामों को सदन के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं हैं। सदन में विपक्ष के झूठे और भ्रामक आरोपों का तथ्यों के साथ जवाब दें।

### जीआईएस से होने वाले बदलाव को बताएं

सीएम ने कहा कि हाल की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित होने वाले उद्योगों से संभावित बदलाव के बारे में भी जानकारी रखें। उद्योगों की स्थापना से आपकी विधानसभा में कितना निवेश आएगा और कितने लोगों को रोजगार मिलेगा ये जानकारी हर विधायक को रखनी चाहिए।

## रिटायर्ड कर्मचारियों को डीए-राहत नहीं मिलने से नाराजगी



**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र के 12 लाख सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत 8 महीने से नहीं दी जा रही है, यह बात तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कही। उन्होंने यह भी कहा है कि इस अदायगी में सरकार को महीने में लगभग 180 करोड रुपए खर्च आएगा जबकि लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह सहायता दी जा रही है इस पर 1574 करोड रुपए हर महीने सरकार दे रही है। प्रदेश में कार्य करने वाले एवं सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी अपने महंगाई भत्ता/मंहगाई राहत के लिए हर महीने इंतजार कर रहे हैं। इससे हर महीने उनको हर महीने 465 से 4230 रू का नुकसान हो रहा है। तिवारी ने कहा कि लाडली बहनों को दी जा रही राशि का हम स्वागत करते हैं लेकिन प्रदेश के कर्मचारी जो काम करते हैं सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं उनको महंगाई का सामना करने के लिए मिलने वाले महंगाई भत्ता/ महंगाई राहत से वंचित किया जाना दुखद है।

# महिला दिवस पर वॉक फॉर हेल्थ पीसीओएस पर पहली कार्यशाला

## विशेष वॉकाथॉन का आयोजन




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए वॉक फॉर हेल्थ, वॉक फॉर अवेयरनेस थीम पर भोपाल में विशेष वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही 9 मार्च को पीसीओएस विषय पर प्रदेश की पहली राष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। स्टेट नोडल डॉ. रचना दुबे ने बताया कि वॉकथॉन का आयोजन 8 मार्च को सुबह 7 बजे भोपाल के अटल पथ से किया जायेगा। रैली में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन भी करा सकते है। वहीं 9 मार्च को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में प्रदेश की पहली पीसीओएस आधारित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर प्रदेश के चिकित्सक पीसीओएस से बचाव, उपचार के नए तकनीक एवं अनुसंधान को साझा करेंगे।


इस कार्यक्रम में महिलाओं को गायनोकोलॉजी, इनफर्टिलिटी और कैंसर निवारण से संबंधित जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने एवं प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया है। अगले दिन 9 मार्च को होने वाले कांफ्रेंस में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ मुख्यतः स्त्री रोग विशेषज्ञ, मधुमेह विशेषज्ञ, स्किन स्पेशलिस्ट, फिटनेस एक्सपर्ट, न्यूट्रिशनिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञ, एक मंच पर एकत्रित होंगे। यह प्रदेश में पहली बार पीसीओएस आधारित कॉन्फ्रेंस होगी।

संपूर्ण महिला स्वास्थ्य केंद्र विकसित डॉ. रचना दुबे ने बताया कि महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान एक ही जगह पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शक्ति संपूर्ण महिला स्वास्थ्य केंद्र भोपाल जिले के कैलाश नाथ काटजू सिविल अस्पताल में विकसित किया जा रहा है। इस सेंटर में स्त्री रोग जैसे- पीसीओएस, फाइब्रॉइड, निःसंतानता और महिलाओं में होने वाले कैंसर के इलाज के साथ-साथ मेनोपॉज परामर्श की सुविधा होगी। साथ ही उन्नत तकनीक के माध्यम से इलाज कराई जाएंगी।

## आय बढ़ाने वाले नगरीय निकायों को 29 करोड़ रुपए के इनाम देगी मध्यप्रदेश सरकार, किया जाएगा चयन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र के नगरीय निकायों को आय में बढ़ोतरी करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगरीय विकास विभाग इस मामले में टॉप परफार्मर निकायों को 29 करोड़ रुपए के ईनाम बांटेगा। यह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दिए जाएंगे। पिछले 2 वित्तीय वर्षों में राजस्व और गैर राजस्व आय में हुई वृद्धि के प्रतिशत के अनुसार यह प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। बताया जाता है कि हर वर्ग में राजस्व आय के आधार पर 3-3 नगरीय निकायों का चयन किया जायेगा।दरअसल काफी समय से नगरीय विकास व आवास विभाग द्वारा निकायों की आय बढ़ाने के लिए लगातार निर्देश देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी बैठकों में नगर निगम महापौर और स्थानीय निकायों के अध्यक्षों को अपनी निकायों को आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बनाने के लिये निर्देश देते रहे हैं। चालू वर्ष में राजस्व आय में श्रेष्ठ कार्य करने वाले स्थानीय निकायों को पुरस्कृत करने के लिये विभागीय बजट में 29 करोड़ 4 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। विभाग ने नगरीय निकायों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि उनकी आबादी के हिसाब से तय की है।



## संपादकीय

# अभिव्यक्ति की सरहदें

देश में अभिव्यक्ति की आजादी को मौलिक अधिकार के रूप में देखा व माना जाता है। लेकिन अक्सर अभिव्यक्तियों को लेकर कई तरह के बखेड़े खड़े हो रहे हैं। किसी एक बयान या बात के खिलाफ कई लोग सामने आ जाते हैं या फिर इसकी व्याख्या अपने तरीकों से करने लगते हैं। इसीलिए यह जरूरी है कि लोगों के सोचने व समझने के तरीके बदलें,क्योंकि विरोध और आपत्तियों के सुर अक्सर किसी खास विचारधारा से जुडे लोगों के समूहों से उभरते हैं। हालांकि अभिव्यक्तियों के प्रति उदारता का यह आशय भी कदापि नहीं होना चाहिये कि यह सीमाएं लांघने वाली हों और यह किसी पर सीधे लक्ष्य करके की गई हों। बहरहाल इस तरह की बहसों के बीच हाल में सुप्रीम कोर्ट ने तीन दिन पहले दो अलग-अलग मामलों में जो कहा, वह अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है। इसे दूर तक सुना व समझा जाना चाहिये। इनमें से एक मामला कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से जुड़ा हुआ है। उनकी एक कविता पर गुजरात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों को कविता पढ़नी चाहिए थी। यह कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है। इसी तरह कॉमेडियन रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरुपयोग पर चिंता से सहमति जताते हुए भी सेंसरशिप और मानदंड के बीच के फर्क को रेखांकित किया। उसका कहना था कि सरकार को इस संबंध में गाइडलाइंस बनानी चाहिए, लेकिन ऐसा करते हुए यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि वे अभिव्यक्ति की आजादी पर गैरजरूरी पाबंदियों का रूप न ले लें। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह ऐसे समय सामने आया है जब देश में दोनों तरह का विचलन काफी बढ़ा हुआ दिख रहा है। जहां सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ी है, वहीं शासन प्रशासन की ओर से इन्हें रोकने की कोशिशों में भी अक्सर अति-उत्साह की झलक मिलती है। इससे नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन होता है। शीर्ष अदालत ने याद दिलाया है कि इस अधिकार का ख्याल रखा जाए। बहरहाल,यह वक्त सोशल मीडिया का है और इसमें किसी भी विचार या बयान का प्रसार बहुत तेजी से होता है। यह दौर बीस वर्ष पहले तक के दौर से नितांत अलग है,लिहाजा हर बात को पढने समझने वालों की तादात बढ गई है और वे इसके आशय अपनी आस्था से जोड़कर निकालने लगते हैं। बावजूद यह भी स्वीकार्य नहीं हो सकता कि लोग अनाप-शनाप बातें करने लगें और अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देनें लगे, जरूरी यह है कि एक संतुलन बना रहे और किसी को ठेस भी न लगे।

**फूलों की सुगंध हवा की दिशा में ही फैलती है। लेकिन इंसान की अच्छाई हर दिशा में फैलती है।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1991 = प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने इस्तीफा दिया। 1508 = हुमायूं का काबुल में जन्म।
- 1775 = रघुनाथ राव और अंग्रेजों के बीच सूरत की संधि पर हस्ताक्षर।
- 1902 = स्पेन में मशहूर फुटबॉल क्लब %मैड्रिड क्लब% की स्थापना हुई।
- 1915 = शांति निकेतन में महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर पहली बार मिले।
- 1957 = घाना प्रधानमंत्री क्वामे न्क्रूमाह के नेतृत्व में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- 2004= उत्तर कोरिया ने यूरेनियम आधारित कार्यक्रम संचालित किये जाने से इनकार किया।
- 2009 = भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएं देने के बाद लड़ाकू विमान मिग-23 ने अंतिम उड़ान भरी।
- 2020 = कोरोना वायरस ने पैर पसारना शुरू किया, 30 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि।
- 1971- सुनील गावसकर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। दोनों पारियों में अर्धशतक बनाए थे।
- 1944- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की। इससे हुए नुकसान से जर्मनी नहीं उबर सका। करीब एक साल बाद उसने हार मान ली।

## निशाना

### टिप्पणी बेकार !



-कृष्णेन्द्र राय

**बेवजह बेमतलब ।**
**टिप्पणी बेकार ।।**
**छीछालेदर हो रही ।**
**हर तरफ से वार ।।**
**है दूरी बनाई दूरी ।**
**पार्टी ने इस बार ।।**
**रहा यही यदि हाल ।**
**जानी तय बहार ।।**
**देश को खिलाड़ियों पर ।**
**है पूरा भरोसा ।।**
**आपने इस बार पर ।**
**सही नहीं परोसा ।।**
**होने को सुधार को ।**
**ना बनते आसार ।।**
**ना बदला ना बदलेगा ।**
**लगता अब व्यवहार ।।**

# संसदीय सीटों के परिसीमन के यक्ष प्रश्न

■ **प्रमोद जोशी**

केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से देश के राजनेताओं और विश्लेषकों के एक तबके ने दो-तीन बातों पर ज़ोर देना शुरू कर दिया है। वे कहते हैं कि भारत में संविधान खतरे में है, लोकतंत्र विफल हो रहा है और यह भी कि लोकतंत्र का मतलब चुनाव जीतना भर नहीं होता। लोकतंत्र ही नहीं, संघवाद को भी खतरे में बताया जा रहा है। बीजेपी के हिंदू-राष्ट्रवाद की अतिशय केंद्रीय-सत्ता को लेकर भी उनकी आपत्तियां हैं।इधर तमिलनाडु से हिंदी-साम्राज्यवाद को लेकर बहस फिर से शुरू हुई है, जिसमें संसदीय-सीटों के परिसीमन को लेकर आपत्तियां भी शामिल हैं। दक्षिण के नेताओं का तर्क है कि यदि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा, तब दक्षिण के राज्य नुकसान में रहेंगे, जबकि जनसंख्या-नियंत्रण में उनका योगदान उत्तर के राज्यों से बेहतर रहा है। उनका सुझाव है कि संसदीय परिसीमन में संघवाद के मूल्यों का अनुपालन होना चाहिए।



परिसीमन से जुड़े इन्हीं सवालों को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 5 मार्च को चेन्नई में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा- तमिलनाडु अपने अधिकारों के लिए बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर है। परिसीमन का खतरा दक्षिणी राज्यों पर डैमोक्लीज़ की तलवार की तरह मंडरा रहा है। मानव विकास सूचकांक में अग्रणी तमिलनाडु के सामने गंभीर खतरा खड़ा है। उनका यह भी कहना है कि अभी तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन की प्रक्रिया से इनकी संख्या घटकर 31 रह जाने की संभावना है। बात सिर्फ़ संख्या में कमी की नहीं है, यह हमारे अधिकारों का मामला है। स्टालिन के इस बयान के फौरन बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों को 'एक भी सीट' नहीं गंवानी पड़ेगी। उन्होंने तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों की लंबे समय से चली आ रही इस आशंका को दूर करने का प्रयास किया कि यदि नवीनतम जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर परिसीमन किया गया तो संसद में उनका प्रतिनिधित्व खत्म हो जाएगा।

हालांकि इन प्रश्नों पर विचार करने के लिए परिसीमन आयोग का गठन करना होगा, पर आज जो बातें हो रही हैं, वे कयासों और अटकलों पर आधारित हैं। संविधान के अनुच्छेद 82 और 170 में प्रावधान है कि प्रत्येक जनगणना के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की संख्या और प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में इसके विभाजन को फिर से समायोजित किया जाएगा। यह 'परिसीमन प्रक्रिया' संसद के एक अधिनियम के तहत गठित 'परिसीमन आयोग' द्वारा की जाती है। इस तरह की कवायद 1951, 1961 और 1971 की जनगणना के बाद की गई थी। इसमें इन सदनों में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित सीटों का निर्धारण भी शामिल है। वर्ष 1951, 1961 और 1971 की जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटों की संख्या 494, 522 और 543 तय की गई थी, जब जनसंख्या क्रमशः 36.1, 43.9 और 54.8 करोड़ थी। इसका मोटे तौर पर मतलब है कि प्रत्येक सीट पर औसतन क्रमशः 7.3, 8.4 और 10.1 लाख आबादी थी। जनसंख्या-नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए 1971 की जनगणना के बाद से इसे स्थिर रखा गया है ताकि अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले राज्यों में सीटों की संख्या अधिक न हो। यह कार्य 1976 में हुए 42वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से पहले वर्ष 2000 तक के लिए किया गया था। फिर 84वें संशोधन अधिनियम द्वारा 2026 तक बढ़ा दिया गया था। अभी जिस जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या तय है, वह 1971 की जनगणना के अनुसार है। 2026 के बाद पहली जनगणना के आधार पर इस संख्या को फिर से समायोजित किया जाएगा। अभी लगता नहीं कि 2026 के पहले वह जनगणना हो भी पाएगी या नहीं, जिसे 2021 में होना था। यह देखते हुए कि विधायिका में महिलाओं का आरक्षण भी जनगणना और परिसीमन से जुड़ा हुआ है, इसमें देरी दिक्कत पैदा करेगी।

राज्यों में भी जनसंख्या वृद्धि में समतुल्यता के लिए सीटों की संख्या को 1971 की जनगणना के अनुरूप फ़्रीज़ कर दिया गया है। 84वें संविधान संशोधन ने प्रावधान किया था कि परिसीमन की कवायद साल 2026 के बाद पहली जनगणना पर आधारित होगी। बहरहाल, पहले इस बात पर विचार करना होगा कि परिसीमन की नई प्रक्रिया में केवल राज्य की जनसंख्या का आनुपातिक प्रतिनिधित्व होगा या नहीं। आनुपातिक संख्या पर नज़र डालें, तो तमिलनाडु की यह चिंता जायज़ है। थोड़ी देर के लिए तमिलनाडु और अविभाजित बिहार की जनसंख्या की वृद्धि दरों (1971-2024) में अंतर देखा जा सकता है। मतदाताओं की संख्या के जो नवीनतम अनुमानित आंकड़े उपलब्ध हैं, उनके अनुसार अविभाजित बिहार में 233 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि तमिलनाडु में 171 फीसदी। 1971 की जनगणना के आधार पर 1977 की लोकसभा में भारत के प्रत्येक सांसद ने औसतन 10.11 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व किया। इसी औसत को आज की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर रखेंगे, तो लोकसभा सदस्यों की संख्या करीब 1,400 हो जाएगी। ऐसी स्थिति में यूपी (उत्तराखंड सहित) की सीटें करीब तिगुनी हो जाएंगी, अर्थात 250 तक और बिहार (झारखंड सहित) में 169 हो जाएगी। तमिलनाडु की वर्तमान 39 से बढ़कर 76 और केरल में 20 से बढ़कर 36 होंगी। पर यह औसत अब काम नहीं करेगा। नए संसद भवन में लोकसभा की 888 सीटें हैं, इसलिए यह फॉर्मूला भी बदलेगा। यह औसत 15 लाख होगा या 20 लाख या कुछ और।

दक्षिणी राजनीति का तर्क है कि परिसीमन से राष्ट्रीय मंच पर उनकी आवाज़ और उपस्थिति कम होगी। उन्हें आर्थिक और सामाजिक-विकास का पुरस्कार मिलने के बजाय सज़ा मिलेगी। यह तर्क गलत नहीं है, पर देश के विकास में क्षेत्रीय असंतुलन के ऐतिहासिक कारणों को भी समझना होगा और भविष्य की संभावनाओं को भी देखना होगा। दक्षिण के राज्यों की लाभकारी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए वहां पूंजी-निवेश बेहतर हुआ है। यह सारी पूंजी उसी इलाके में संचित नहीं थी, बाहर से भी आई है। आज भी इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े बंदरगाहों और राजमार्गों की परियोजनाओं पर पूंजी निवेश वहां की स्थिति के आधार पर हो रहा है। इन परियोजनाओं और उद्योगों में काम करने के लिए श्रम-शक्ति भी बाहर से आई। क्षेत्रीय सम्पन्नता ने इस इलाके में शिक्षा, सार्वजनिक-स्वास्थ्य और सामाजिक-जागरूकता को बढ़ाने में सहयोग किया है। मोटा अनुमान है कि देश में करीब 14 करोड़ प्रवासी मजदूर काम करते हैं। कोविड-19 के दौरान हमने इन मजदूरों के परिवहन से जुड़ी समस्याओं को देखा था। इनमें सब लोग उत्तर से दक्षिण या पश्चिम में ही नहीं जाते हैं। दक्षिण से उत्तर आने वाले लोग भी हैं, जो अपनी योग्यता और कौशल के आधार पर बेहतर जीवन-यापन के लिए घर से बाहर निकलते हैं। आधुनिक औद्योगिक-तकनीकी विकास का एक महत्वपूर्ण कारक प्रवासन भी है। बेशक दक्षिण के राज्यों की राजनीतिक और सांस्कृतिक चिंताओं को भी संबोधित किया जाना चाहिए, पर ऐसे समाधान तभी संभव है, जब हम तुच्छ राजनीति को अलग रखेंगे। यह राष्ट्रीय प्रश्न है, जिसका समाधान भी राष्ट्रीय ही होगा।

**साभार**

# पर्यावरण संरक्षण: सरकारों और नागरिकों की एकजुटता जरूरी

■ **प्रोफेसर रविंद्र नाथ तिवारी**

पर्यावरण की समस्या आज विश्व की सबसे गंभीर समस्या बनती जा रही है। मानवीय गतिविधियों, अनियोजित विकास, तथा प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण यह समस्या विकराल रूप की ओर अग्रसर है। वायु प्रदूषण जीव-जगत् के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लगभग पूरी वैश्विक जनसंख्या ऐसी हवा में सांस ले रही है जो के दिशानिर्देशों से अधिक प्रदूषित है। यह प्रदूषण हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफ?ों के रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को बाता है। एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, यदि वैश्विक पीएम 2.5 स्तरों को डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों के अनुसार कम किया जाए, तो औसत मानव जीवन प्रत्याशा में 2.3 वर्ष की वृद्धि हो सकती है। यह दर्शाता है कि वायु प्रदूषण मानव जीवन प्रत्याशा के लिए सबसे बा बाहरी खतरा है। भारत में, वायु प्रदूषण की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लगभग पूरी जनसंख्या हानिकारक स्तर के पीएम 2.5 कणों के संपर्क में है, जो स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरा है। हालांकि, कुछ सकारात्मक प्रगति भी देखी गई है। फरवरी 2025 में, दिल्ली ने इस वर्ष का सबसे कम वायु गुणवत्ता सूचकांक 121 दर्ज किया, जो पिछले तीन वर्षों में जनवरी और फरवरी में दर्ज किया गया सबसे कम एक्यूआई है।



विश्व के अधिकतर देश जल प्रदूषण और भूमि क्षरण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, भारत की अधिकतर नदियां प्रदूषित हैं। हाल ही में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में पुष्टि की है कि नदियाँ, झीलें, तालाब, और अन्य जल स्रोत तेजी से प्रदूषित हो रहे हैं। औद्योगिक कचरा, घरेलू अपशिष्ट, और रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख नदियाँ गंभीर प्रदूषण का शिकार हैं, जिससे न केवल जलीय जीवन संकट में है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव प? रहा है। इसके अलावा, मरूस्थलीकरण भी एक बी चुनौती बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की एक रिपोर्ट के अनुसार, मानव की अविवेकपूर्ण गतिविधियों के कारण 130 लाख वर्ग किलोमीटर भूमि मरूस्थल में परिवर्तित हो चुकी है। विश्व की 35 प्रतिशत भूमि मरूस्थलीकरण से प्रभावित है, जिससे खाद्य सुरक्षा और जल संसाधनों पर दबाव ब?ता जा रहा है। भारत का लगभग एक तिहाई भू-क्षरण की चपेट में है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है, जिससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जलवायु परिवर्तन भी पर्यावरणीय असंतुलन को तेज कर रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्री स्तर में वृद्धि और अनियमित वर्षा पैटर्न के कारण जल संकट बता जा रहा है। भारत के कई हिस्सों में सूखा और बा? की घटनाएँ ब रही हैं, जिससे पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों को नुकसान हो रहा है।

आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण सनातन संस्कृति का मूल तत्व रहा है। प्रकृति को माँ का स्थान दिया गया है, जहाँ वसुधैव कुटुंबकम्÷ की भावना से समस्त जीव-जंतु एवं पर्यावरण के संरक्षण की बात कही गई है। वेदों एवं उपनिषदों में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया है। ऋग्वेद में कहा गया है कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्या अर्थात् पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं, अतः हमें इसका संरक्षण करना चाहिए। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में वृक्षों, नदियों, पर्वतों एवं वन्य जीवों की रक्षा को पुण्य कार्य माना गया है। महाभारत में भी कहा गया है कि वनं विना न प्रजाः सुखं समश्नुते÷ यानी वनों के बिना समाज सुखी नहीं रह सकता।

पर्यावरण संरक्षण हेतु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई संस्थाएँ कार्यरत हैं। ग्लोबल एलायंस ऑन हेल्थ एंड पॉल्यूशन, इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज, इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर और यूनाइटेड नेशंस एनवायरनमेंट प्रोग्राम जैसी संस्थाएँ सतत प्रयास कर रही हैं। भारत में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संरक्षण कार्यों को आगे बा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकारों और नागरिकों को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। सतत विकास, जल संरक्षण, वनीकरण, जैविक खेती और जागरूकता अभियानों के माध्यम से पर्यावरणीय संकटों को कम किया जा सकता है। समय रहते यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आने वाली पीयिों के लिए यह स्थिति और भी भयावह हो सकती है। विश्व के सबसे बे स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन में पर्यावरण संरक्षण को भी शामिल किया है, जो स्वदेशी, संवेदना, स्वावलंबन और संस्कारों के साथ संतुलित जीवनशैली की ओर प्रेरित करता है। सनातन संस्कृति में सहअस्तित्व की भावना इस तथ्य को बल देती है कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि पवित्र तत्व है। पर्यावरणीय संतुलन इसकी मूल भावना में है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ के एक तुलनात्मक अध्ययन से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि सनातन संस्कृति में पर्यावरण का विशेष महत्व है। आयुर्वेद में शरीर और प्रकृति के गहरे संबंध को दर्शाता है। सूर्यास्त के बाद फूल-पत्तियां नहीं तो जातीं, क्योंकि वे विश्राम में होते हैं। फूल ते समय भी मन ही मन अनुमति ली जाती है। शाकाहार, पशु-सम्मान और यहां तक कि सांपों की पूजा, सब पर्यावरण प्रेम के प्रतीक हैं। पर्यावरण संकट का समाधान भारतीय सनातन संस्कृति के मूल्यों को अपनाने में निहित है। इसका समाधान भारतीय सनातन संकृति की दृष्टि को समग्र रूप में अपनाने कार्य से ही संभव हो सकेगा।

**साभारः (लेखक, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रीवा में प्राचार्य हैं)**

# वन एवं राजस्व विभाग की बैठक में विस्थापित ग्रामों के मामले तेजी से निपटाने के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में वन एवं राजस्व विभाग के जिला अधिकारियों की अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में वन भूमि, विस्थापित ग्रामों, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, वेटलैंड सर्वेक्षण, और अवैध उत्खनन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने डीएफओ को निर्देश दिए कि विस्थापित वन एवं वन ग्राम के मामले में विस्तृत रूप से मांग एवं नामांतरण की संशोधित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने कहा कि विस्थापित ग्रामों एवं वन ग्रामों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए की जिस व्यक्ति को भूमि उपलब्ध कराई गई है वे इनकी फेंसिंग करें। इसी प्रकार यदि वन भूमि सामान्य वन मंडल अथवा एसटीआर अधिकृत क्षेत्रांतर्गत आति हो तो विभाग भी यह सुनिश्चित करे कि भूमि अधिग्रहण के उपरांत अधिग्रहित भूमि की बाड़ाबंदी की जाए।



कलेक्टर ने नजूल प्रभारी को अपास्त होने योग्य मामलो में प्रकरणों की जांच करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि मामले का यथाउचित समाधान किया जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों के नजूल एवं राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त करवाएं जाएं। कलेक्टर ने कहा कि डीएफओ एवं उपसंचालक एसटीआर भी एसटीआर एवं सामान्य वन मंडल वन खंड के वन व्यवस्थापन के लंबित प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध करवाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की उपसंचालक एसटीआर विस्थापित ग्रामों को प्रदाय की गई भूमि, कृषि भूमि आदि की जानकारी उपलब्ध करवाऐं जिससे विस्थापित ग्रामों के कृषकों को किसान सम्मन निधि किसान क्रेडिट कार्ड तथा मुख्य रूप से उपार्जन प्रक्रिया में भूमि से प्राप्त होने वाली उपज को सम्मिलित किया जा सके तथा उसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन स्तर तक प्रेषित किया जा सके।

उन्होंने नया झालई एवं नया सांकई में तालाब निर्माण किए जाने के संबंध में निर्देश दिए की उक्त प्रक्रिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए सीईओ जनपद पंचायत तथा संबंधित शाखा के प्रभारी संयुक्त रूप से साइट विजिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा की जिले में हो रहे अवैध उत्खनन के विरुद्ध और अधिक सख्त कार्यवाही की आवश्यकता है।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, डीएफओ मयंक गुर्जर, उपसंचालक एसटीआर पूजा नागले, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन सही अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने बनखेड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया

# निजी चिकित्सालय में सोनोग्राफी कराने वाला खर्च सरकार वहन करेगी : पटेल

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में महिला चिकित्सक की नियुक्ति होगी**

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

मेरा जन्म सेमरी तलाई में हुआ। सेमरी तलाई पूर्व में पिपरिया विधानसभा के अंतर्गत आता था। इसलिए मेरा पिपरिया एवं बनखेड़ी से भावनात्मक लगाव है। उदयपुरा मेरी कर्मभूमि तो पिपरिया मेरी जन्मभूमि है। उक्त बात लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बुधवार को बनखेड़ी में 30 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण अवसर पर कही। पटेल ने कहा कि मुझे पिपरिया बनखेड़ी के विकास की विशेष रूप से चिंता है और मेरा पूरा प्रयास है कि मैं अपनी जन्मभूमि में विकास के कार्य करा सकूं। उन्होंने कहा कि अब शासन यह प्रस्ताव तैयार कर रही है कि यदि कोई गर्भवती महिला को सोनोग्राफी करानी हो तो जिला चिकित्सालय से एक पर्ची जारी होगी उस पर्ची के आधार पर निजी चिकित्सालय में गर्भवती महिला अपने सोनोग्राफी की जांच करा सकेगी। जांच में होने वाला संपूर्ण राशि का वहन शासन करेगी। मंत्री ने कहा कि शासन यह प्रावधान भी कर रही है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक और विशेष रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए। मध्य प्रदेश में 10 वर्ष में 30 मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 12 मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। शासन यह प्रयास कर रही है कि हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज अनिवार्य रूप से खोल जाए। पटेल ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेज से जब चिकित्सक निकलेंगे तब सभी चिकित्सालय में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 30 लाख 77 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आए हैं जिनमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने पिपरिया एवं बनखेड़ी क्षेत्र की जनता की सभी मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया।




पटेल ने बताया कि शासन स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजी से बना रही है। आने वाले समय में 46 हजार पदों की भर्ती की जाएगी। इससे युवाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा। पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी एवं अन्य वार्डो का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि कोरोना काल में जब सभी सेवाएं बंद थी तब केवल स्वास्थ्य सेवाएं चालू थी। उस दौरान सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों ने जनता की जो सेवा की वह अद्भुत थी। देश में 15 हजार जन औषधि केंद्र खोले गए हैं और आने वाले समय में इसकी संख्या बढ़कर 25 हजार की जाएगी। उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्र में 25 रुपए की दवा 12 रुपए में मरीज को दी जाती है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं कर्मचारी अपनी अमूल्य सेवाएं देते हैं जो की एक महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने 30 बिस्तरों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी क्षेत्र को दिया है। नागवंशी ने मंत्री से पिपरिया एवं बनखेड़ी क्षेत्र के लिए डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराने, सिटी स्कैन मशीन प्रदान करने, एक्सरे मशीन एवं सोनोग्राफी मशीन प्रदान करने की मांग की। साथ ही कहा की पिपरिया में ब्लड बैंक है उसके विस्तारीकरण की आवश्यकता है उसकी मात्रा और बढ़ाई जाए। उन्होंने पिपरिया में 10 आईसीयू वार्ड के लिए ट्रेड स्टाफ देने की मांग की।

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हरीश मालानी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि अस्पताल परिसर के आसपास के क्षेत्र को शौरगुल से मुक्त कराया जाए, उन्होंने कहा कि शासकीय कन्या शाला में एक वैकल्पिक दरवाजा लगाया जाए। अस्पताल में मरीजों के परिजनों के विश्राम के लिए विश्राम भवन भी बनाया जाए। उन्होंने महिला चिकित्सक की नियुक्ति की भी मांग की। साथ ही कहा की जन औषधि केंद्र अस्पताल परिसर में ही स्थापित किया जाए।

# पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**दमोह, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक मंगलवार को शाम को नगर की दयोदय गौशाला पहुंचे उनके साथ तेंदुखेडा एस डी एम सौरभ गंधर्व और तेंदुखेडा एस डी ओ पी डी एस ठाकुर पुलिस स्टॉप भी मौजूद रहा।

पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने गौशाला भ्रमण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया गौशाला कमेटी से मौजूद अध्यक्ष संजय जैन अमरचंद जैन सहित सदस्यों ने गौशाला में रहने वाले मवेशियों के संबंध में जानकारी दी उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने गौशाला में गोबर से तैयार होने बाली खाद्य धूपअगरबत्ती हमला बनाने की मशीन को देखा और अपने सुझाव गौशाला समिति के सदस्यों को दिए।

नगर की दयोदय गौशाला बुंदेलखंड की सबसे बड़ी गौशाला है इस गौशाला के अच्छे कार्यों को लेकर प्रदेश की प्रथम गौशाला होने का पुरस्कार भी मिल चुका है यह मवेशियों को पर्याप्त भोजन पानी रहने की व्यवस्था भी सदस्यों द्वारा बनाई गई है ।

गौशाला में गोवंश की अच्छी सेवा और देखरेख होने के कारण दूर दराज से लोग यह आते हैं और व्यवस्थाओं को देख प्रसन्नता जाहिर करते है ।

गौशाला समिति के अनुसार नगर की गौशाला में लगभग चार मवेशी रहते हैं इनमें बुजुर्ग और आवारा मवेशी ज्यादा है।

पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने गौशाला पहुंचकर भूसा के गोदाम देख गौशाला में छोटे छोटे बछड़े भी हैं जिनको गौशाला समिति दूध खरीदकर पिलाकर बड़ा कर रही है सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने गोवंश की सेवा के लिए कमेटी सदस्यों को बधाई दी है।

# सिवनी मालवा में रोजगार मेला आयोजित मेले में 461 युवाओं को मिला रोजगार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला प्रशासन, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार और जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन विधायक प्रेम शंकर वर्मा और महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय पूर्व छात्र समिति के अध्यक्ष दीपक पालीवाल, जनप्रतिनिधि के रूप में वीरेंद्र मिश्रा विधायक प्रतिनिधि ग्रुप में उपस्थित रहे, एवं कार्यक्रम में क्षेत्र की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती सरोज परिहार, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ए बी खान, जिला रोजगार प्लेसमेंट धर्मेश तिवारी उपस्थित रहे। धर्मेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण रोजगार मेले में व्यवस्था संपन्न हुई।



रोजगार मेले में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके रघुवंशी द्वारा सभी आने वाले अतिथियों एवं जिला रोजगार अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि महाविद्यालय में इतने बड़े स्तर पर प्रदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने आकर हमारे युवाओं को रोजगार ऑफर देकर महाविद्यालय के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया। रोजगार मेले में लगभग 2700 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीयन कराया और 22 कंपनियों एवं 08 विभागों ने अपने काउंटर लगाए। मेले में 836 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया और 461 विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। इसके अलावा, 08 विभागों ने शासकीय काउंटर लगाकर लगभग 161 विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसके अग्रवाल के द्वारा तथा आभार डॉ. सुनील सोनी द्वारा किया गया।

### दमोह मार्ग पर स्थित पिंडरई गांव के पास की घटना पुलिस कर रही मामले की जांच

# बाजार करके ऑटो से घर जा रहे मनहारी विक्रेताओं के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट, मामला दर्ज

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेजगढ़ और तेंदूखेड़ा मार्ग के बीच मंगलवार की रात साप्ताहिक बाजार कर ऑटो से घर जा रहे मनहारी दुकानदारों के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया उसके ऑटो को पहले रुकवाया फिर लाठियों से मारपीट कर दी। घटना के बाद आरोपी भाग निकले और दोनों घायल तेंदूखेड़ा थाने पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी घायलों में मुहम्मद इसरार 45 अब्दुल सुभान 36 जो तेजगढ़ गांव के निवासी है। मंगलवार को तेंदूखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में आये थे और बाजार खत्म होने के बाद रात में ऑटो से घर बापस जा रहे थे उसी समय ये घटना हुई।

घायलों ने बताया कि वह कई वर्षों से मंगलवार के दिन तेंदूखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में मनहारी की दुकान लगाने आते है। इस मंगलवार को भी आये थे और बाजार खत्म होने के बाद रात्रि साढ़े नौ बजे के लगभग वापस तेजगढ़ जा रहे थे लेकिन तेंदुखेडा से पांच किलोमीटर आगे दमोह मार्ग पर जहां कर्क रेखा का बोर्ड लगा है वहां उनका ऑटो पहुंचा। तभी बाइक सवार दो लोग अचानक सामने आ गए और विवाद करने लगे। देखते ही देखते वहां दो और लोग पहुंचे और उन्होंने लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट करने के बाद सभी लोग मौके से भाग गये और हम लोग तेंदुखेडा थाने आए और आवेदन दिया।



1. पीठ में उछले लाठियों के निशान 2. गर्दन में उछले लाठियों के निशान 3. इस ऑटो से आ रहे थे दोनों जिन पर अज्ञात लोगों ने कर दिया हमला।

## विवाद का कारण अज्ञात

मुहम्मद इसरार खान ने बताया कि हम लोग मारपीट करने वाले आरोपियों को नहीं जानते। अचानक पहले दो लोग एक बाइक पर सवार होकर आए और हमारे ऑटो के सामने लगा दी। उसके बाद उनके दो साथी आ गये और चारों ने एक राय होकर मारपीट करना शुरू कर दिया।

मामला तेंदुखेडा थाने अतर्गत सीमा का है। इसलिए मामले की तेंदूखेड़ा थाने से जानकारी ली तो पता चला घटना रात्रि की हैं जिसमें आवेदन लिया गया है पुलिस पीड़ितों को लेकर रात्रि में ही मौके पर गई थी मगर वहां कोई नहीं मिला जिन लोगों के साथ मारपीट हुई है वह भी उन लोगों को नहीं पहचानते जिन्होने मारपीट की है आरोपी अज्ञात है खोजबीन जारी है तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है।

**मेट्रो एंकर** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# टीकाकरण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा,एसडीएम ने नियमित जानकारी साझा करने निर्देशित किया

**तेन्दूखेड़ा/ जबेरा, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देश अनुसार बुधवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में अनुविभागीय दंडाधिकारी तेंदूखेड़ा सौरभ गंदर्भ की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स ( टीकाकरण )की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दस्तक अभियान की प्रगति पर चर्चा की गई,दस्तक पोर्टल पर लगातार एंट्री करने के निर्देश दिए गए,साथ ही महिला बाल विकास विभाग में 0 से 5 साल तक के बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए एवं आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा आपसी समन्वय्य से कार्य करने व कार्य को प्रगति लाने के निर्देश दिए,नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की रिपोर्ट की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए, आशा मोबिलाइजेशन,आशा डायरी पूर्ण करने एवं जांच कर वेरीफाई करने के निर्देश दिए गए साथ ही प्रत्येक माह में बैठक के उपरांत जानकारी ब्लॉक स्तर पर साझा करने के लिए निर्देशित किया गया, नियमित टीकाकरण प्रतिमाह करने निर्देशित किया, एनीमिया मुक्त भारत हेतु नियमित आयरन की खुराक वितरित करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही अनुविभागी अधिकारी तेंदूखेड़ा ने सीएचओ ,एएनएम ,आशा पर्यवेक्षक की संयुक्त बैठक आयोजित करने एवं समीक्षा में उपस्थित रहकर समीक्षा करने के निर्देश दिए साथ ही पत्राचार की प्रति एसडीम ऑफिस भेजना भी सुनिश्चित करें। बैठक में अनुविभागीय दंडाधिकारी सौरभ गंधर्व, जिला टीकाकरण अधिकारी विशाल शुक्ला, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी जबेरा डॉक्टर डीके राय, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी तेंदूखेड़ा आर एल बागरी, परियोजना अधिकारी की प्रतिनिधि सुपरवाइजर दीपा कोरी, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से एफएम राजू पांडे ,सतीश वासनिक, अंतरा फाउंडेशन से आरती, जबेरा स्टाफ से बीपीएम मुकेश डावर,डेरिक ब्राउन,एमपीडब्ल्यू परसोत्तम राय, फार्मासिस्ट सुनील सोनी की मौजूदगी रही।



# युवाओं के नवाचार से समाज में हो रहा बदलाव, शादी समारोह में फिजूल खर्च बंद करने की अनूठी पहल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



शन शौकत दिखाने के लिए शादी विवाह के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं दोनों परिवार कर्ज के बोझ में दबते हैं ।इस फिजूल खर्च को रोकने के लिए कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन द्वारा एक पहल शुरू की गई है। ग्राम भीकमपुर निवासी राखी के परिजनों द्वारा संगठन की रीति नीति को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर से विवाह संपन्न कराया इस बीच संगठन के कार्यकर्ताओं ने विवाह स्थल भोरिया मंदिर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया गया संगठन के इस नवाचार को होशंगाबाद से आए बारातियों ने समाज उत्थान के नवाचार को एक नया उदाहरण बताते हुए कहा कि हम भी हमारे क्षेत्र में इस पहल को शुरू करेंगे ।वही दूल्हा अभिषेक नहीं बताया कि सामाजिक उत्थान के लिए इस तरह के कदम बेहद जरूरी है मुझे बहुत खुशी है कि इस नवाचार के शुभारंभ का साक्षी मैं बन रहा हूं।

### नवाचार में क्या है चयन प्रक्रिया

कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन के अध्यक्ष महेश कर्मी ने बताया कि समाज में जिस परिवार के द्वारा सामान्य रूप से शादी की जाएगी जिसमें फिजूल खर्च ना हो यह व्यवहार पूरी तरह से सनातन संस्कृति के अनुरूप हो ऐसे परिवारों को संगठन द्वारा प्रशंसा पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया जाता है ।इसकी चयन प्रक्रिया के लिए संगठन द्वारा तय किया गया हैं।

### नवाचार की श्रेणी में होगा

इसके दो प्रमुख कारण है, नृत्यांगना नहीं होने पर विवाद नहीं होगा नशा मुक्त शादी संपन्न होगी साथ ही समय की बर्बाद दी नहीं होगी।

आज के समय में कई ऐसे परिवार हैं जो एक दूसरे के दिखावे के कारण बड़े धूमधाम से कर्ज लेकर अपने बेटा बेटी का विवाह करते हैं और बाद में कई वर्षों तक मेहनत मजदूरी कर उसे कर्ज को चुकाने में लगा देते हैं यह फिजूल खर्च समाज के हजारों परिवारों को खोखला कर चुका है ।आज समय है कि समाज को बचाने के बेहतर पहल करके उनके चेहरे पर खुशी आए एवं आर्थिक उन्नति के लिए संगठन कम कर रहा है।

## एसडीएम ने किया मंडी का निरीक्षण, सचिव को लगाई फटकार

# समय पर आए स्टाफ, ड्रेस कोड का हो पालन, एक और तौल कांटा लगाएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



खबर का असर



कृषि उपज मंडी का अधिकांश स्टाफ मुख्यालय पर नहीं रहता है 12 बजे आता है 3 बजे गायब हो जाता है, मंडी में कैसे रुकेगी चोरी, ड्रेस कोड का नहीं हो रहा है पालन शीर्षक के साथ किसानों के हित में प्रमुखता से खबर प्रकाशित थी मामला किसानों से जुड़ा हुआ उक्त खबर को एसडीएम हर्षल चौधरी ने संज्ञान में लेते हुए। बुधवार को मंडी निरीक्षण करने के लिए पहुंचे कार्यालय का जायजा लेकर स्टाफ के मुख्यालय पर नहीं रहने और समय पर नहीं आने और समय से पहले चले जाने ड्रेस कोड का पालन नहीं मंडी की व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए कदम नहीं उठाने से लेकर सेफगार्डों का उपयोग भी किसानों के हित में नहीं होने पर मंडी सचिव को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी पूरा स्टाफ मुख्यालय पर रहे निर्धारित समय पर उपस्थित होनी चाहिए समय से पहले यदि कार्यालय से गायब हुआ तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगें ड्रेस कोड का भी पालन होना चाहिए सेफगार्ड भी पूरी तरह मंडी में काम करते हुए दिखें किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए पूरा स्टाफ मंडी के तौल कांटों का लगातार भ्रमण करके नाचो रोकने के लिए पूरे सतर्क रहे कहीं कोई हालात बनते हैं तो तत्काल करवाई किसान मंडी के स्टाफ को खोजता हुआ न फिर किसानों की फसलो की तुलाई भी अच्छे से होना चाहिए सेफगार्डों का उपयोग किसानों के लिए धरातल पर करें मंडी बाईपास रोड के प्राइवेट तोल कांटे पर ज्यादातर ट्रालियों की तोल इसी धर्म काटे पर हो रही है। इसके कारण यहां पर जाम लगा हुआ था मंडी का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था इस पर एसडीएम ने सचिव को निर्देश देते हुए कहा कहा कि एक और धर्म कांटा उसे पर भी किसानों की तोल करवाई जाए इस तरह के हालात नहीं बनना चाहिए यहां पर मंडी का अमला मौजूद रहना चाहिए इसके आलावा इस समस्या को दूर करने के लिए सब्जी मंडी के परिसर में एक और कांटा लगाने की बात एसडीएम ने करते हुए कहा इसके संबंध में हम जल्दी प्रयास करेंगे। एसडीएम कै इस निर्णय का थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ अध्यक्ष समीर भार्गव ने स्वागत करते है ऐसा होता तो सभी को फायदा होगा हम इसका पूरा समर्थन करते इन्होंने नाले से निकलने वाली गंदगी और इस समय नाला निर्माण की टाइमिंग को लेकर सवाल भी खड़े करते हुए जाम की समस्या रखी पानी साफ सफाई सहित किसानो हित में कुछ समस्या भी बताई जिसमें जाम की समस्या का हल निकालने की बात भी की एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी भी इस दौरान मौजूद थे उन्होंने भी ट्रैफिक व्यवस्था को कैसे व्यवस्थित करके जाम की समस्या को दूर कर सकते हैं उसके मैं मौके पर अध्ययन किया है क्योंकि आने वाले दोनों में मंडी की आवक में वृद्धि होगी इसके बाद जाम के चलते यहां से निकलना मुश्किल हो समय से पहले इसके विकल्प तलाशने के लिए एक और कांटा स्थापित करके दूसरे मार्ग से किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियो को निकालना पर मंथन किया गया है। मंडी की दूसरी समस्याओं को देखकर एसडीएम ने मंडी सचिव को सभी व्यवस्थाएं तत्काल करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इस बात का ध्यान सभी रखें फील्ड में अधिकारी कर्मचारी मुझे दिखना चाहिए उपज चोरी का कोई भी मामला सामने ना इस बात का भी विशेष ध्यान रखें। मंडी में कार्यालय में तैनात अधिकांश स्टाफ मुख्यालय पर रहता नहीं है 12 बजे आता और 3 बजे चला जाता है इस कारण से किसानों से लेकर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान भी नहीं हो पता है आनाज चोरी के मामले स्टाफ की लापरवाही कारण कम होने के लिए बढ़ गए इस वजह से यहां की मंडी सी ग्रेड में चली एसडीएम के प्रयासों के बाद यदि कोई बदलाव होता है तो मंडी की आवक भी बढ़ेगी तो इसका फायदा व्यापारियों को भी होगा व्यापार में भी वृद्धि होगी।

# बिजली वितरण कंपनी ने, लिंक रोड से खंभों को शिफ्ट किया



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

खबर का असर

बिजली के खंभों को शिफ्ट करने के लिए नगर पालिका राशि देने को तैयार पर बिजली वितरण कंपनी नहीं दे रही स्वीकृति। इस आशय की खबर सोमवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों ने अनफन में कदम उठाते हुए नगर पालिका परिषद को बिजली खाबो को शिफ्ट करने का स्वीकृति आदेश जारी कर दिया है। इनको शिफ्ट करने के बदले में राशि जमा करने के लिए बिजली वितरण कंपनी ने पत्र में नगर पालिका का उल्लेख करते हुए 3 लाख 80 हजार रुपए अभी जमा कर है उसके बाद आगे की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। पिछले 6 महीने से नगर पालिका परिषद के अधिकारी इन खाबो को शिफ्ट करवाने के लिए पत्राचार कर रहे थे बिजली वितरण कंपनी के द्वारा पोल शिफ्ट करने की मंजूरी नहीं दी जा रही थी जिसकी खबर ने जनहित में प्रमुखता से प्रकाशित की खबर को संज्ञान में लेते हुए बिजली वितरण कंपनी के सब-डिवीजन अधिकारी राजू भाभौर ने तत्काल कदम उठाते हुए खाबो को शिफ्ट करने का स्वीकृति का आदेश नगर पालिका को भेज दिया है। वहीं सड़क चौड़ीकरण का फायदा इन खाबो के कारण नहीं मिल पा रहा क्योंकि सड़क के दोनों और खंबे है इसी तरह चौराहे पर भी पोल लगा हुआ इसके कारण कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है ।खांबे शिफ्ट होने के बाद सड़क चौड़ी हो जाए इसका फायदा वाहन चालकों को कोई मिलेगा दूसरी ओर नगर पालिका डिवाइडर बनाने की योजनाएं बना रही है वह काम भी होगा तो इसकी सुंदरता बढ़ेगी।

### इनका कहना है

बिजली वितरण कंपनी ने हमें खंबे को शिफ्ट करने का स्वीकृति आदेश दे दिया है हम जल्दी राशि जमा करके इन खाबो को शिफ्ट करने की कार्रवाई करेंगे।

रोहित तोमर इंजीनियर नगर पालिकापरिषद सिरोंज

# 80 वर्षीय विधवा को दबंग ने बेरहमी से पीटा पुलिस ने मामूली धाराओं में दर्ज किया मामला

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



ग्राम गोपाल खेड़ा में एक बुजुर्ग विधवा 80 साल की महिला जिसको चलने में दिक्कत होती आंखों से नजर नहीं आता है उसके साथ क्रूरता करने का मामला सामने आया है वीडियो वायरल हो रहा है। 2 मार्च की घटना है गांव के दबंग व्यक्ति पर बुजुर्ग महिला को मोटरसाइकिल से बांधकर घसीटने के आरोप बुजुर्ग महिला के परिजनों ने लगाते हुए गंभीर रूप से घायल करने की बात भी कहिए और कहा शराब के नशे में भारत सिंह यादव दबंगई दिखाते हुए हमारी अम्मा को मोटरसाइकिल से घसीट कर बुरी तरह से घायल कर दी इसके चलते उनके शरीर में जगह जगह चोटों के निशान है पैरों से खून निकल रहा है सर में शरीर में भी चोटे को निशाना उनकी हालत नाजुक है इस घटना को घटित करने वाले दबंग व्यक्ति को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है।इसके अलावा आरोप लगाया कि उसने गांव के कचरा डालने वाले घूरे है इसमें आग लगी हुई थी उसके पास में अम्मा को छोड़ दिया था गांव के लोगों को दिखने के बाद हम पहुंचे और थाने से हंड्रेड डाल गाड़ी ने पहुंची उसी से हमने अस्पताल में भर्ती कराया हालत स्थिर है दूसरी और पुलिस ने पीड़ित वृद्ध महिला चपो बाई की शिकायत पर भारतसिंह यादव यादव निवासी खेजड़ा गोपाल पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अभी तक उसको गिरफ्तार भी नहीं किया गया है। दबंग व्यक्ति गांव के सरपंच का भतीजा है और परिजनों का कहना है कि उनके दबाव में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है दूसरी ओर थाना प्रभारी संदीप सिंह पवार ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले से विवाद चल रहा है। महिला की शिकायत पर भारत सिंह यादव पर मारपीट की धाराओं मे केस दर्ज कर लिया है पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए कई बार गांव में दाबिश भी दे चुकी है वहां मिल नहीं रहा है। मोटरसाइकिल से घसीट ने के बारे में किसी ने भी नहीं बताया।

# एसपी द्वारा निरीक्षक की रिबिन हटाकर अहिरवार को बनाया कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**



शासन के आदेषानुसार नगर निरीक्षक विजय अहिरवार को कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया हैं मंगलवार को रात्रि 8 बजे पुलिस थाना प्रांगण में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंषी के द्वारा केंची से निरीक्षक की रिबिन हटाकर कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहां कि जब से विजय अहिरवार ने तेंदूखेड़ा नगर निरीक्षक का पदभार संभाला हैं तब से आज तक लाइन आर्डर की स्थिती निर्मित नहीं हुई हैं नगर के लोगों के द्वारा श्री अहिरवार के संबंध में बहुत सी अच्छी बातें बताई गई जो सराहनीय हैं। इसके अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों ने विजय अहिरवार को तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी सेवानिवृती तक बनाएं रखने के लिए कहा गया हैं अगर नगर निरीक्षक चाहें तो तेंदूखेड़ा में रह सकते हैं। न्यायाधीष पूजित कमल ने नगर निरीक्षक विजय अहिरवार को उप पुलिस अधीक्षक बनाएं जाने पर अपनी शुभकामनाएं दी। इसके अलावा डां. परम सिंह लोधी, रतन लाल साहू, दीपक कटारे, गुड्डा मासाब, गोविंद यादव, प्राचार्य पीएल रैकवार, बबलू घोषी आदि ने अपने विचार रखकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान विजय अहिरवार के परिजनों के अलावा कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधी एवं समस्त थानों के प्रभारी शामिल रहे।

# भ्रष्टाचार का गढ़ बना ग्राम पंचायत तिलोनी

## आखिरकार किसका है दवाब जो निष्पक्ष जांच करने से परहेज कर रहे अधिकारी...?

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



क्या आपने मध्य प्रदेश में ऐसी कोई ग्राम पंचायत देखी है या सुनी है, जहां हर काम सरपंच सचिव के परिजन करते हों और उसका भुगतान भी उनके ही नाम पर किया जाता हो। वहां की ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य जैसे नाली निर्माण, नालियों की सफाई, मुरम बोल्डर डराई ग्राम पंचायत के घूरे फ़िकवाई आदि समस्त कार्यों में अगर पांच रुपए की लागत भी लगाई जाती है तो मजदूरी से लेकर मुरम, गिट्टी सीमेंट ट्रैक्टर भाड़ा रेत तक सरपंच के परिजन और सचिव स्वयं और उसका भाई पैदा करते है, और उस पैदावार का भुगतान सरकार और सिस्टम की आखों में धूल झोंककर सरपंच सचिव पंचायत के खाते से निकाल लेते हो। लिहाजा विदिशा जिले की इस भ्रष्ट धूल को साफ करने में मध्य प्रदेश पंचायत विभाग के पूर्व प्रमुख सचिव राधेश्याम जुलानिया तथा पूर्व जिला सीईओ आईएएस दीपक आर्य जैसे अधिकारी की जरूरत है, तो अब मजाल किसकी है। अरे हां तो आज हम आपको बताते हैं की मप्र की वो ऐसी कौन सी ग्राम पंचायत है जिसने यह सब उपलब्धियां प्राप्त करी हों। ये वो पंचायत है जिसका नाम है ग्राम पंचायत तिलोनी है, जिसकी जनपद लटेरी है और उस जनपद के सीईओ हैं उदय प्रताप सिंह और जांच अधिकारी है महेश शर्मा लटेरी जनपद की ग्राम पंचायत तिलोनी में भारी भ्रष्टाचार की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। विगत दिनों तिलोनी के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर विदिशा तथा जनपद सीईओ को आवेदन देकर निर्माण कार्यों सहित भुगतान की जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। लटेरी जनपद की ग्राम पंचायत तिलोनी में नालियों का निर्माण कागजों में किया गया है, जिसका मद् पंचायत राज संचनालय द्वारा पांचवे वित्त के रूप में प्राप्त हुआ था, उक्त नालियों के निमार्ण की लागत के नाम लाखों रुपए की राशि सरपंच सचिव द्वारा निकाली गई है। शिकायतकर्ताओं द्वारा बताया गया है, की तिलोनी के सरपंच सचिव द्वारा फर्जी तरीके से राशि का आहरण किया गया है। सरपंच सचिव द्वारा मनरेगा योजना में भी फर्जी कार्यों के नाम पर राशि का आहरण किया गया है जबकि मौके पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया गया है।

### शिकायतकर्ताओं के आरोप, आवेदन देने के बाद भी कार्यवाही करने से बच रहे अधिकारी

शिकायत कर्ताओं ने बताया कि उक्त नालियों का निर्माण ग्राम पंचायत तिलोनी और तिलोनी के विभिन्न ग्रामों में किया जाना था, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कहीं भी कार्य नहीं कराया गया है। जब ग्रामीणों को उक्त नाली निर्माण की राशि निकाले जाने की जानकारी लगी तो उन्होंने इस मामले की लटेरी और विदिशा में बैठे जिम्मेदारों से शिकायत की लेकिन आज तक जिम्मेदारों द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की है, उक्त मामले को लेकर तिलोनी के ग्रामीण नेपाल यादव ने बताया की जिस नाली निर्माण के मामले में तिलोनी पंचायत के जिम्मेदारों सरपंच तथा सचिव ने इन नालियों के नाम पर पैसा निकाला है, वो नाली ग्राम में चिन्हित स्थान पर बनी ही नहीं है, उक्त नालियों का निर्माण सरपंच सचिव द्वारा कराया ही नहीं गया। बल्कि सरपंच तथा सचिव द्वारा पूरी राशि फर्जी तरीके से निकाल कर हड़प ली गई है। जिले के जिम्मेदार अगर सही तरीके से उचित जांच कराएगें तो ग्राम पंचायत तिलोनी में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार निकलकर सामने आ जाएगा।

### क्या कहते हैं शिकायत करने वाले ग्रामीण

मेरे पिता जी के नाम से प्रधानमंत्री आवास मिला है, इसकी मजदूरी की सम्पूर्ण राशि सरपंच सचिव ने अपने खातों में डाल कर निकाल ली है, ओर ग्राम पंचायत में पांचवे वित्त और मनरेगा योजना में भ्रष्टचार हुआ है मेरे द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर विदिशा की की गई है, पंचायत इंस्पेक्टर द्वारा बोला जा रहा है कि शिकायतों से कुछ नहीं होता इसलिए आप अपनी शिकायत वापिस कर लो।

-नेपाल यादव तिलोनी

मुझे और मेरे परिवार के पांच लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिला है, इनकी मजदूरी की सम्पूर्ण राशि सरपंच सचिव ने अपने खातों में डाल कर निकाल ली है, ओर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना सहित सभी योजनाओं में भ्रष्टचार हुआ है मेरे द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर विदिशा में की गई है, पंचायत इंस्पेक्टर द्वारा शिकायत की मनमाने तरीके से जांच की जा रही है

-कमलसिंह बंजारा करंबरी

मेने दो खेत तालाब मंजूर करवाए थे मेरे द्वारा मंजूर करवाए गए दोनों खेत तालाबों की राशि विना कार्य किए निकाल ली गई है। पांचवे वित्त की राशि के विल सरपंच सचिव अपने परिवार बालों के नाम मुरम बोल्डर के डाल रहे है, मेने इसकी शिकायत विदिशा कलेक्टर से की है, पंचायत इंस्पेक्टर महेश शर्मा द्वारा जांच के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है ।और शिकायत वापिस लेने का दवाब बनाया जा रहा है।

-हल्कुराम यादव नागौरी

### गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम हिनोती सड़क के पास हादसा, चालक आयशर ले भागा

# तेज रफ्तार कार आगे जा रहे ट्रक में घुसी, दो मौत, दो गंभीर



**परिवार की शादी में शामिल होने बैरसिया से ईंटखेड़ी जा रहे थे**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम हिनोती सड़क के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार कार आगे जा रहे आयशर ट्रक में जा भिड़ी। कार में चार लोग सवार थे जो अपने करीबी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा ट्रक के भीतर जा घुसा। लेकिन क्योंकि ट्रक तेज रफ्तार में था इसलिए कार उसमें फंसी नहीं बल्कि चालक अपना ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल कार सवार चार लोगों को बैरसिया के निजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर घायलों को इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा के मुताबिक मूलरूप से राहतगढ़ जिला सागर निवासी सौरभ बेदी पुत्र वीर सिंह (35) प्राइवेट काम करते थे। उनके करीबी रिश्तेदार सोनू के घर ग्राम कनेरा ईटखेड़ी में शादी थी। शादी मंगलवार रात सौरभ बेदी अपने रिश्तेदारों राजू विश्वकर्मा पुत्र नर्मदा प्रसाद (35) निवासी बैरसिया और सोनू व राकेश के साथ कार में सवार होकर बैरसिया से शादी के समारोह स्थल ग्राम कनेरा ईटखेड़ी जाने के लिए रवाना हुए थे। रात करीब पौने 12 बजे उनकी कार ग्राम हिनोती सड़क के पास मेनरोड पर आगे जा रहे आयशर ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद गंभीर रूप से चारों घायलों को कार से बाहर निकालकर बैरसिया के अस्पताल रवाना किया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही कार की अगली सीट पर सवार सौरभ और राजू विश्वकर्मा की मौत हो गई। घायल सोनू व राकेश का वहां के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

#### कार के अगले हिस्से में फंसे थे दो लोग

पुलिस के मुताबिक घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। लोगों का कहना है कि कार आगे जा रहे आयशर ट्रक से टकराई है। पुलिस ने ट्रक की खोजबीन शुरू कर दी है। जांच के बाद पता चलेगा कि एक्सीडेंट किन परिस्थितियों में हुआ है। पुलिस का कहना है कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने की वजह से अगली सीट सवार दोनों घायलों को निकालने में काफी मशक्कत करना पड़ी। आगे की ओर से कार के पिचकने से दोनों उसमें फंस गए थे। उनके सीने व सिर में गंभीर चोटें आई थीं।

#### करंट से झुलसकर इलेक्ट्रिशयन की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अप्सरा टॉकिज के पास बुधवार दोपहर करंट लगने से इलेक्ट्रिशयन की मौत हो गई। उसे करंट लगने के बाद जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बलराम उर्फ गौतम पिता स्वर्गीय गुलाब (48) भानपुर, छोला मंदिर में रहता था और इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। बुधवार दोपहर वह ऐशबाग इलाके में अप्सरा के पास किसी घर बिजली में आए फाल्ट को सुधारने पहुंचा था। फाल्ट सुधारते समय वह करंट से झुलस गया। उसे जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि शाम करीब साढ़े 5 बजे पुलिस को अस्पताल से बलराम की मृत्यु की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव मर्चूरी में रखवा दिया है। रात करीब 8 बजे मृतक की बहन ने पुलिस से संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि मृतक अविवाहित था और भानपुर में अकेला रहता था।

## विंध्याचल भवन के कर्मचारी की थी खून से लथपथ लाश



**दो दिन बाद हुई शिनाख्त कर्मचारी के साथ बाइक पर सवार संदिग्ध की तलाश**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गोल जोड़ के पास दो दिन पहले खून से लथपथ मिली लाश की शिनाख्त कर ली गई है। शिनाख्ती के बाद परिवार वालों को सूचना देकर बुधवार को उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को को सौंप दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि हर बिंदु पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो सकेगा कि मौत कैसे हुई है। पुलिस के मुताबिक कजलीखेड़ा कोलार निवासी लालू बारिया (50) विंध्याचल भवन में गार्डन मैंनटेनेंस का काम देखते थे। रोजाना की तरह सोमवार सुबह भी वह ड्यूटी पर जाने का कहकर घर से निकले थे। इसके बाद देर रात तक वापस घर नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदार व परिचितों के घर समेत हर संभव ठिकानों पर उनकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। मंगलवार को थाने में उनके लापता होने की शिकायत की गई। पुलिस ने हुलिए और उम्र के आधार पर आंशका जताते हुए परिवार वालों को गोल जोड़ पर खून से लथपथ मिले शव की जानकारी दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान लापता लालू बारिया के रूप में की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि लालू के साथ एक अन्य व्यक्ति को भी देखा गया था।

#### साथ में सवार कौन था?

दोनों मोटरसाइकिल पर थे। घटना के बाद से ही मोटरसाइकिल पर सवार दूसरे व्यक्ति का पता नहीं चल सका। वह व्यक्ति कौन था और लालू बारिया के साथ कहां से आ रहा था, इन सवालों की जांच की जा रही है। पुलिस सड़क हादसे वाले बिंदु पर भी जांच कर रही है।

## हमीदिया की महिला टेक्नीशियन की कार से 14 हजार रुपए और एटीएम चोरी



**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल की महिला टेक्नीशियन की कार से अज्ञात बदमाश ने 14 हजार रुपए नगद व एटीएम कार्ड निकाल लिया। कार अस्पताल की पार्किंग में खड़ी थी। कार में रखे बैग से नगदी व एटीएम कार्ड निकालकर बदमाश फरार हो गया। कोहेफिजा पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीम अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने की तैयारी कर रही है। पुलिस क मुताबिक मालती नायर पत्नी विवेक नायर (42) हमीदिया अस्पताल में टेक्नीशियन के पद पर हैं। रोजाना की तरह ड्यूटी पर आने के बाद मंगलवार सुबह उन्होंने अपनी कार पार्किंग में खड़ी कर दी थी। शाम करीब चार बजे जब वह अपनी कार के पास पहुंची तो हैरान रह गईं। किसी अज्ञात बदमाश ने उनकी कार में रखे बैग से 14 हजार रुपए नगद व एटीएम कार्ड निकाल लिया। आरोपी ने बैग में रखे अन्य किसी सामान को हाथ नहीं लगाया। एएसआई रामशंकर खरे ने बताया कि फरियादिया की सहेली ने उन्हें 8 हजार रुपए नगद ट्रांजेक्शन के लिए दिए थे। इसके अलावा छह हजार रुपए उनके खुद के रखे थे।

#### टीटी नगर पुलिस ने लौटाए 14 गुमे मोबाइल

**भोपाल।** सायबर अपराधों की रोकथाम और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए पिछले साल नवंबर महीने में भोपाल के सभी थानों में सायबर हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया था। टीटी नगर थाने की सायबर हेल्प डेस्क ने फरवरी महीने में गुमे हुए कुल 14 मोबाइल फोन तलाश कर उनके मालिकों को वापस किए हैं। पिछले चार महीनों के भीतर पुलिस द्वारा कुल 75 मोबाइल फोन लौटाए जा चुके हैं। थाना प्रभारी सुधीर कुमार अरजरिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाने में अलग से सायबर हेल्प डेस्क बनाई गई थी। इसमें प्रशिक्षत आरक्षक नीरज यादव और महिला आरक्षक कृतिका परमार को लगाया गया है। यह कर्मचारी भारत शासन के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित केन्द्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर पोर्टल) के माध्यम से फरवरी महीने में गुमे हुये 14 मोबाइल फोन तलाशे हैं।

## कॉलेज संचालक को गोली मारने की धमकी, अज्ञात ने किए कई अभद्र मैसेज



**बाग सेवनियां पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण, तलाश जारी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एक निजी विश्वविद्यालय के संचालक के मोबाइल पर अज्ञात बदमाश ने गंदे-गंदे मैसेज किए और फिर गोली मारकर मौत के घाट उतारने की धमकी दी। बाग सेवनियां पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आदर्श नगर बाग सेवनियां निवासी पुष्पेन्द्र सिंह (40) श्यामपुर रोड स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के संचालक हैं।

विगत 19 फरवरी की शाम अनजान नंबर से एक व्यक्ति ने उन्हें गंदे-गंदे मैसेज किए और फिर कॉल कर मौत के घाट उतारने की धमकी दी। फरियादी का कहना है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम अनमोल बताया था।

#### कॉल नहीं उठाया तो किए मैसेज

पहले कॉल रिसीव नहीं करने पर उसने 8-10 गंदे-गंदे मैसेज किए। मैसेज में गाली-गलौज कर संचालक के चरित्र के बारे में अभद्र टिप्पणी की गई। बाद में जब फरियादी ने कॉल रिसीव किया तो आरोपी ने गोली मारकर मौत के घाट उतारने की धमकी दी। फरियादी ने शिकायती आवेदन दिया था। जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया गया है। मोबाल नंबर के आधार पर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

## मूकबधिर से एक्टिवा सवार बदमाशों ने मोबाइल झपटा, केस दर्ज जांच शुरू

**बागसेवनिया थाना स्थित आरआरएल तिराहा अंडर ब्रिज पर अज्ञात आरोपियों ने वारदात को दिया अंजाम पड़ताल में जुटी पुलिस**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना स्थित आरआरएल तिराहा अंडर ब्रिज पर एक्टिवा सवार बदमाशों ने मूकबधिर युवक के हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना गत 4 मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की है। पुलिस ने मूकबधिर के भाई की शिकायत पर अज्ञात एक्टिवा सवार बदमाशों पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अतुल कुमार सूर्यवंशी ई-6, अरेरा कॉलोनी के पास झुग्गी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनका 27 साल का छोटा भाई आकाश सूर्यवंशी मूकबधिर है। वह बोल नहीं सकता और इशारों में ही बातचीत करता है। 4 मार्च की शाम आकाश डीबी मॉल गया था। वहां से रात करीब सवा 11 बजे आरआरएल तिराहा पर पहुंचा। वह घर जाने के लिए ब्रिज के पास खड़े होकर अन्य वाहन का इंतजार करने लगा।

इसी बीच एक्टिवा पर आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। आकाश ने पैदल ही आरोपियों की एक्टिवा के पीछे दौड़ लगा दी, लेकिन आरोपी तेजी से एक्टिवा लेकर भाग निकले। आकाश ने घटना की जानकारी घर पहुंचकर अतुल को दी। अतुल भाई आकाश को लेकर थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

#### युवती से बात कर रहे आटो चालक ने 3 युवकों पर किया चाकू से हमला

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सीआरपी ग्राउंड सेमरा में मोहल्ले की युवती से बातचीत कर रहे आटो चालक को समझाइश देना तीन युवकों को महंगा पड़ गया। दरअसल, युवकों की समझाइश के बाद आटो चालक का गुस्सा फूट गया और उसने आटो में रखा चाकू निकालकर तीनों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार- बुधवार दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे के आसपास की है। पुलिस ने आरोपी आटो चालक पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अंकुश पिता बृजेश बघेल (19) सेमरा, अशोका गार्डन में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात डेढ़ बजे अपने दोस्त कार्तिक और मोहित के साथ घर जा रहा था। सीआरपी ग्राउंड पहुंचने पर उसे मोहल्ले की युवती आटो चालक निखिल शर्मा उर्फ निमेश के साथ नजर आई। तीनों दोस्त निखिल और युवती के पास पहुंचे और देर रात ग्राउंड में न खड़े होने की बात कही। इस पर आरोपी निखिल भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। आटो से चाकू निकाला और तीनों पर हमला बोल दिया।

**मेट्रो एंकर** नगदी और जेवरात समेत हजारों का सामान रखा था, एफआईआर दर्ज

## शालीमार हमसफर एक्सप्रेस में चढ़े लड़के ले उड़े लेडीज पर्स

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शालीमार हमसफर एक्सप्रेस में टाटा नगर से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर ही महिला का लेडीज पर्स ट्रेन में चढ़े तीन अज्ञात लड़कों ने चुरा लिया। पर्स में नगदी, जेवरात व पहचान संबंधी दस्तावेज समेत हजारों का सामान रखा था। थाना जीआरपी भोपाल ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



थाना जीआरपी भोपाल के मुताबिक मूलरूप से जमशेदपुर झारखंड निवासी रोहित श्रीवास्तव विगत 28 फरवरी को शालीमार रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस में अपनी पत्नी अंजली श्रीवास्तव के साथ टाटा नगर से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहे थे।

#### भोपाल रेलवे स्टेशन आने से पहले तीन लड़के बर्थ में आए

यात्रा के दौरान अंजली ने अपना लेडीज बैग बर्थ के पास टेबिल पर रख दिया था। पति-पत्नी अपनी बर्थ पर लेटे हुए थे। उसी दौरान भोपाल रेलवे स्टेशन आने से पहले तीन लड़के बर्थ में आए और उनमें से एक लड़का महिला का लेडीज पर्स चुराकर ले गया। पर्स में दो छोटे पर्स रखे थे। उनमें से एक पर्स में पहचान संबंधी दस्तावेज और एक हजार रुपए रखे थे जबकि दूसरे छोटे पर्स में एक सोने की अंगूठी व एक चांदी की अंगूठी समेत करीब 19 हजार रुपए का सामान रखा था। फरियादी रोहित श्रीवास्तव ने यात्रा पूरी करने के बाद थाना रानी कमलापति में अज्ञात आरोपी के खिलाफ शून्य पर चोरी का प्रकरण दर्ज कराया है। थाना रानी कमलापति से प्रकरण थाना जीआरपी भोपाल भेजा गया है।

#### गेट पर खड़े यात्री के हाथ पर डंडा मारकर गिराया मोबाइल

थाना जीआरपी रानी कमलापति के मुताबिक तमिलनाडु निवासी पुष्पराज विगत चार मार्च को गोवा एक्सप्रेस में पुणे से भोपाल की यात्रा अपने परिवार के साथ कर रहे थे। जब ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से चली तो वह कोच के गेट पर खड़े हो गए। उस समय ट्रेन धीमी गति से चल रही थी।

तभी पटरी किनारे खड़े किसी अज्ञात बदमाश ने हाथ पर डंडा मारकर उनका मोबाइल नीचे गिरा लिया और उठाकर भाग निकला। अंधेरा होने की वजह से फरियादी पुष्पराज बदमाश को नहीं देख सके। उन्होंने थाना जीआरपी भोपाल में शून्य पर प्रकरण दर्ज कराया था। वहां से डायरी जीआरपी थाना रानी कमलापति भेज दी है। पुलिस ने असल पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एक साथ 10 बदमाशों के जिलाबदर के आदेश जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शहर में अपराधों पर नियंत्रण, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध समय-समय पर विशेष अभियान चलाये जाते हैं। इसके साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी लगातार की जाती है। इसी क्रम में न्यायालय पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा शहर के 10 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिलाबदर के आदेश पारित किए गए हैं। इन आदतन अपराधियों के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में हत्या, बलात्कार, मारपीट, चोरी, छेडछाड़, शराब विक्रय एवं आर्म्स एक्ट समेत अनेक मामले दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन हैं। उक्त कार्यवाही से निश्चित ही अपराधों में कमी आयेगी एवं आमजनों के बीच बदमाशों का खौफ भी कम होगा। जिन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर के आदेश दिए हैं, उनमें विनोद कुशवाह हनुमानगंज, विक्की विनोरे कमला नगर, शिवा जोगी उर्फ अब्बा जहांगीराबाद, संजीव वर्मा उर्फ संदीप गौतम नगर, रवि अहिरवार उर्फ लंगड़ा गौतम नगर, राहुल यादव अवधपुरी, पुष्पेंद्र यादव पिपलानी, गोलू उर्फ टाइगर निशातपुरा, आमिर अली उर्फ बर्फ तलैया और अभिषेक मीना शाहजहांनाबाद शामिल हैं।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022